प्रादेशिक समाचार

09.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्र ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से मंकी पॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की स्क्रीनिंग और जांच करने को कहा।

2. झारखंड हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के बाद बीटेक छात्रा को जिंदा जलाने के दोषी राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार रखी, सीबीआई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दर्ज याचिका खारिज।

3. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जमशेदपुर में 15 सितंबर को प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा, कहा– हर गरीब को छत देना प्रधानमंत्री का संकल्प।

4. झारखंड में एनडीए के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगा जदयू, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने रांची में कहा– सीटों को लेकर भाजपा के साथ बातचीत जारी।

5. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में एक और सफलता, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के एरिया कमाण्डर मुनेवर गंझू ने रांची पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

****

केन्द्र ने देश के सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को मंकीपॉक्स के सभी संदिग्ध मामलों की जांच और परीक्षण करने को कहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने मंकीपॉक्स से संबंधित विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपात की घोषणा की। मंत्रालय ने अपने परामर्श में मंकीपॉक्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों में फैले डर को रोकने के लिए निवारक उपाय अपनाने पर बल दिया है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के बाद बीटेक छात्रा को जिंदा जलाने के दोषी राहुल राज को जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी फांसी की सजा को बरकरार रखी है। अदालत ने आज उसकी अपील याचिका खारिज कर दी। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि राहुल राज को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर को झारखंड आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के सरकारी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। श्री चौहान ने पत्रकारों को बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन के साथ राज्य को विकास की कई सौगात देंगे।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। रांची हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ और उत्पाद सिपाही बहाली युवाओं की मौत पर राज्य सरकार को घेरा।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है। गिरिडीह में आज आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में विपक्ष साकारात्मक राजनीति नहीं कर रहा है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गिरिडीह और धनबाद के लिये चार सौ पैंसठ करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया।

****

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने एनडीए समर्थित दलों पर राजनीतिक फायदे के लिए सामाजिक विद्वेष फैलाने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने कहा कि एनडीए के पास राजनीतिक मुद्दे नहीं है।

****

राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। इस सिलसिले में आज रांची में जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश कार्यसमिति की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री झा ने कहा कि जदयू का झारखण्ड में एक बड़ा जनाधार है और पार्टी एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगा। सीटों को लेकर भाजपा के साथ बातचीत जारी है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार जन संवाद कार्यक्रम के तहत आज देवघर पहुंचे। जिले के मनोहरपुर प्रखंड के नया चितकाठ पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे आने वाले विधानसभा चुनाव में जवाबदेही वाली सरकार चुनें।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। मौके पर स्थानीय विधायक नारायण दास समेत कई अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमाण्डर मुनेवर गंझू ने रांची पुलिस के समक्ष आज आत्मसमर्पण कर दिया। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुनेश्वर गंझू ने आत्मसमर्पण किया है।

****

धनबाद जिले में अब बीएच सीरीज के तहत वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

*******समाप्त*******